APEX INSTITUTE OF PHARMACY

NH-7, Varanasi – Mirzapur Road, Samaspur, Chunar, Mirzapur (UP)

Cordially invites you to mark the occassion

World AIDS Day

on

1st December, 2018 (10.30 am -11.30am)

AWARENESS PROGRAME

SPEAKERS

Dr Manoj Mahadev

Topic : AIDS – Information is Defended

Dr Rajneesh Pathak

Topic: AIDS & supportive Management in Ayurveda

Dr SK Singh
Chairman, Apex Hospital
Varanasi

Prof Dr Sunil Mistry
Principal, AIP
Chunar, Mirzapur

Prof Maksoodan Singh
Principal, AIAMAH
Chunar, Mirzapur

Dr Amit Singh
Vice Principal, AIAMAH
Chunar, Mirzapur

एपेक्स इंस्टीटूट ऑफ़ फार्मेसी द्वारा विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता संगोष्ठी

आज वर्ल्ड एड्स डे के अवसर पर एपेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी द्वारा एड्स एवं एचआईवी की जागरूकता हेतु संगोष्ठी का आयोजन एपेक्स ट्रस्ट इंस्टिट्यूट ऑडिटोरियम में किया गया. एपेक्स फार्मेसी इंस्टिट्यूट के प्रधानाचार्य प्रो डॉ सुनील मिस्त्री, एपेक्स आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो मकसूदन सिंह ने सेमीनार की थीम नो योर स्टेटस के आधार पर छात्रों को एड्स एवं एचआईवी जानकारी दी. एपेक्स हॉस्पिटल वाराणसी के इन्फेक्शन कण्ट्रोल विभाग के एचओडी डॉ मनोज महादेव ने एड्स एवं एचईवी क्या है कैसे संक्रमित हो कर फैलता है, शारीर में कहाँ होता है, क्या लक्षण होते हैं, निदान, उपचार एवं सावधानियों के विषय में पीपीटी एवं विडियो के माध्यम से अवगत कराया. दूसरे सेशन में डॉ रजनीश पाठक ने छात्र छात्राओं को एड्स एवं एचआईवी के बारे में आयुर्वेद का पक्ष रखते हुए जागरूक किया.

अपने स्म्भाष्ण में प्रधानाचार्य प्रो डॉ सुनील मिस्त्री ने एड्स के बढ़ते हुए मरीजों के बारे में बताते हुए इसे रोकने के लिए उपयुक्त सावधानियों अपनाने की अपील की. एपेक्स के चेयरमैन डॉ एसके सिंह ने सभी छात्र छात्राओं को एड्स एवं एचआईवी से होने वाली क्षति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एड्स ग्रसित मरीजों की सुरक्षित सर्जरी एपेक्स हॉस्पिटल में उपलब्ध है और वे स्वयं भी एचआईवी ग्रसित मरीज के दोनों कूल्हों का सफल ऑपरेशन कर विश्व में कीर्तिमान स्थापित कर चुके हैं. उन्होंने स्पष्ट किया कि एपेक्स कॉम्पोनेन्ट ब्लड बैंक एड्स कण्ट्रोल बोर्ड द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों पर पूर्ण सावधानी एवं सुरक्षा के सभी नोर्म्स को अपनाते हुए कार्य कर रहा है.

विश्व एड्स दिवस 2018 पर आयोजित जागरूकता संगोष्ठी

जागरूकता संगोष्ठी को सम्बोधित करते प्रधानाचार्य डॉ सुनील मिस्त्री एवं वक्ता डॉ रजनीश पाठक एवं इन्फेक्शन कण्ट्रोल विभागाध्यक्ष डॉ मनोज महादेव

<u>मीडिया कवरेज</u>

विश्व एड्स दिवस पर लोगों को किया सचेत

जासं, चुनार (मीरजापुर) : वर्ल्ड एड्स डे के अवसर पर एपेक्स इंस्टीट्यूट आफ़ आयुर्वेदिक मेडिसिन एवं एपेक्स इंस्टीट्यूट आफ़ फार्मेसी द्वारा एड्स, एचआईवी की जागरूकता हेतु संगोष्ठी का आयोजन शनिवार को एपेक्स ट्रस्ट इंस्टीट्यूट आडिटोरियम में हुआ। एपेक्स आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य प्रो. मकसूदन सिंह, उप प्रधानाचार्य डा. अमित सिंह एवं एपेक्स फार्मेसी इंस्टिट्यूट के प्रधानाचार्य प्रो डा. सुनील मिस्त्री ने छात्रों को एड्स, एचआईवी की जानकारी दी। एपेक्स हास्पिटल वाराणसी के इंफेक्शन कंट्रोल विभाग के एचओडी डा. मनोज महादेव ने एड्स एवं एचईवी की जानकारी दी।

दैनिक जागरण मिर्जापुर (2.12.2018)

चुनार : विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एपेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ़ आयुर्वेदिक मेडिसिन एवं एपेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी द्वारा एड्स एवं एचआईवी की जागरूकता हेतु संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो मकसूदन सिंह, उप प्रधानाचार्य डॉम् अमित सिंह एवं एपेक्स फार्मेसी इंस्टीट्यूट के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ सुनील मिस्त्री ने सेमीनार की थीम नो योर स्टेटस के आधार पर छात्रों को एड्स एवं एचआईवी जानकारी दी। एपेक्स हास्पिटल वाराणसी के इंफेक्शन कंट्रोल विभाग के एचओडी डॉ. मनोज महादेव ने एड्स एवं एचईवी क्या है, कैसे संक्रमित हो कर फैलता है। शारीर में कहां होता है। क्या लक्षण होते हैं। निदान, उपचार एवं सावधानियों के विषय में विडियो के माध्यम से जानकारी प्रदान की। इस दौरान डॉ. रजनीश पाठक, डॉ. मधुसूदन आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला मिर्जापुर (2.12.2018)